# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज माहव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत की जाएगी।
2. विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा को शिल्प कला का प्रतीक बताया।
3. कदमतला और श्री विजयपुरम के बीच चलने वाली बस सेवा के प्रस्थान समय में संशोधन किया गया है।
4. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर आज भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनके जन सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज देश भर में माहव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसेवा के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। यह यात्रा जनसेवा से देशसेवा के मंत्र और आज भी जारी अटूट प्रतिबद्धता से प्रेरित है। सेवा और सुशासन की इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर सरकार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में उनके जन्मदिन के मौके पर कई भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। आज से शुरू हो रहा तीन दिवसीय सम्मेलन और प्रदर्शनी 'सिलिकॉन से सिस्टम्स– बिल्डिंग द इकोसिस्टम' विषय पर आयोजित की जा रही है। इसमें सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र से जुड़ी वैश्विक और भारतीय कंपनियां, नीति–निर्माता, निवेशक, शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षण संस्थान और विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

आज पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर, द्वीपों के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि दिव्य वास्तुकार के रूप में पूजनीय भगवान विश्वकर्मा रचनात्मकता, कौशल, शिल्प कला और समर्पण के प्रतीक हैं। उनके आदर्श हमें हर प्रयास में कड़ी मेहनत, उत्कृष्टता और नवाचार को महत्व देने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कौशल, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कारीगरों, शिल्पकारों, इंजीनियरों, श्रमिकों तथा राष्ट्र निर्माण में लगे लोगों के अमूल्य योगदान का सम्मान करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले दिन, द्वीपसमूह में वर्तमान में चल रही प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं पर प्रशासन द्वारा दी गई प्रस्तुति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, पुलिस महानिदेशक रवींद्र सिंह यादव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, आयुक्त–सह–सचिव डॉ. सचिन शिंदे और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद, बिष्णु पद रे ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात कर द्वीपसमूह के विकास तथा प्रगति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्ष ने नगर पालिका क्षेत्रों में लागू की जा रही विभिन्न स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर चर्चा की, जिसमें उन्हें समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी ने पार्टी सदस्यों के साथ उपराज्यपाल से मुलाकात कर विभिन्न विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। इसके अलावा विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, विज्ञान भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी कल लोक निवास में उपराज्यपाल से मुलाकात की। बैठक के दौरान द्वीपसमूह के समग्र विकास और उससे जुड़ी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कल राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में प्रशासन के विभिन्न विभागों, कार्यालयों तथा नराकास के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में, आज सुबह 10 बजे राजभाषा विभाग, के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में प्रशासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों के मल्टी–टास्किंग स्टाफ के लिए हिंदी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

राज्य परिवहन निदेशालय, की ओर से कदमतला और श्री विजयपुरम के बीच चलने वाली KT2 बस सेवा के प्रस्थान समय में संशोधन किया गया है। अब यह बस सुबह 4बजे श्री विजयपुरम से कदमतला के लिए प्रस्थान करेगी और कदमतला से सुबह साढ़े चार बजे श्री विजयपुरम के लिए छूटेगी। इसके अलावा KT1 बस सेवा अपने वर्तमान प्रस्थान समय दोपहर बारह बजकर पैंतालीस मिनट पर ही उपलब्ध रहेगी और इसके समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह संशोधित सेवा 10 दिनों के बाद लागू होगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर आज भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक द्वीपों के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर तक रहेगी, जिसके बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा होने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 20 सितंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर छात्रों के लिए ओजोन परत के महत्व और पर्यावरण संरक्षण पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण के वैज्ञानिक डॉ. के. सिलंबरासन ने ओजोन परत के महत्व, ओजोन क्षरण के कारणों एवं प्रभावों और सामूहिक पर्यावरणीय कार्रवाई की आवश्यकता पर व्याख्यान दिया। कॉलेज की प्राचार्या, डॉ. पर्ल देवदास ने पर्यावरण जागरूकता के महत्व को रेखांकित करते हुए टिकाऊ व जिम्मेदार प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उधर, विश्व ओज़ोन दिवस के अवसर पर भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने नयाशहर स्थित वनस्पति उद्यान में 'बृहद वृक्षारोपण अभियान' की शुरुआत की। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न दुर्लभ, विलुप्त होने वाले और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण पौधों की प्रजातियों के पौधे लगाए।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और आई आई टी एम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन, आईआईटी मद्रास ने कल द्वीपों के चयनित सरकारी स्कूलों में प्रौद्योगिकी–संचालित शैक्षणिक सहायता, मेंटरिंग और नवोन्मेषी शिक्षण पहलों के माध्यम से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन का आदान–प्रदान किया। इस ज्ञापन का आदान–प्रदान शिक्षा निदेशक आदित्य संगोत्रा और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी मोहन सत्यरंजन के बीच हुआ। विद्या शक्ति पहल के तहत द्वीपसमूह के नौ शैक्षणिक क्षेत्रों के 100 सरकारी स्कूलों में छात्रों को ऑनलाइन शैक्षणिक मेंटरिंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सहायता प्रदान की जाएगी। यह साझेदारी भौगोलिक दूरी को कम करने, शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने और कक्षा के स्तर पर सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का उपयोग करेगी।

<><><><><><>

कन्यापुरम में एचटी लाइन की सफाई और क्षतिग्रस्त एलटी एबीसी को बदलने का कार्य किए जाने के कारण 19 सितम्बर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती कमसरत डैम, कड़काचांग, मॉडल विलेज, पडाक बगीचा, मनारघाट, मलापुरम, राइट म्यो, शोल बे पंचायत क्षेत्र, फरारगंज साइट कार्यालय और कन्यापुरम क्षेत्र में सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक की जाएगी।

<><><><><><>